दिन– गुरूवार दिनांक– 11 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – भारत अब वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी लागत से विश्वस्तरीय सामान बनाने के लिए सबसे उपयुक्त है।

02. लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए अधिसूचना कल जारी होगी। प्रदेश में इस चरण के तहत झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया निर्वाचन क्षेत्रों में सात मई को होगा मतदान।

03. देशभर में ईद–उल–फित्र का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

04. और, मौसम विभाग ने आज कैमूर, गया, नवादा, जमुई और बांका समेत दक्षिण बिहार के कुछ स्थानों पर बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत अब वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी लागत से विश्वस्तरीय सामान बनाने के लिए सबसे उपयुक्त है। अमेरिका की एक पत्रिका को दिए साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि भारत उन लोगों के लिए आदर्श स्थान है, जो विश्वसनीय और लचीली अर्थव्यवस्था स्थापित करना चाहते हैं। श्री मोदी ने कहा भारत ग्यारहवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तक पहुंच गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब देश की आकांक्षा है कि भारत जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बने। उन्होंने कहा कि भारत अंतरिक्ष, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हरित ऊर्जा, अर्धचालक और अन्य भविष्य की प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में कदम रख रहा है। श्री मोदी ने कहा कि भारत ने पिछले दस वर्षों में दुनिया का सबसे बड़ा गरीबी उन्मूलन अभियान चलाया है और पच्चीस करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोलह अप्रैल को गया और पूर्णिया में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी गया लोकसभा क्षेत्र में हम के संरक्षक जीतनराम मांझी और पूर्णिया में जदयू के संतोष कुशवाहा के समर्थन में प्रचार करेंगे। वहीं, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह चौदह अप्रैल को जमुई में एनडीए समर्थीत लोजपा, रामविलास के उम्मीदवार अरूण भारती के समर्थन में प्रचार करेंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ का पंद्रह अप्रैल को नवादा में चुनावी सभा का कार्यक्रम है। वे नवादा

लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर के समर्थन में प्रचार करेंगे। इधर, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह ने बताया कि पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी उन्नीस और बीस अप्रैल को चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। श्री सिंह ने बताया कि श्री गांधी की पहली रैली किशनगंज लोकसभा क्षेत्र में होगी।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए अधिसूचना कल जारी होगी। इस चरण में बिहार समेत दस राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेशों की चौरानवे लोकसभा सीटों के लिए सात मई को मतदान होगा। बिहार में इस चरण के तहत झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव होने हैं। नामांकन की अंतिम तारीख उन्नीस अप्रैल है। बीस अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। उम्मीदवार बाईस अप्रैल तक नामांकन वापस ले सकते हैं।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि चुनाव से संबंधित सामग्री पर मुद्रक और प्रकाशकों की स्पष्ट जानकारी होनी चाहिए, ताकि चुनाव प्रचार में जवाबदेही और पारदर्शिता बनी रहे।

———————————————————————

राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत ने लोकसभा चुनाव के दौरान सभी श्रेणी के अस्पतालों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान चुनाव कार्य से जुड़े कर्मचारियों के बीमार पड़ने पर उन्हें चिकित्सा सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई जायेगी। साथ ही चुनावी हिंसा या दुर्घटना में घायल किसी भी व्यक्ति का त्वरित ईलाज करने की व्यवस्था होगी। उन्होंने सभी जिलाधिकारी, सिविल सर्जन और अस्पताल प्रमुखों को मतदान के दिन अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती का निर्देश दिया है।

———————————————————————

और अब पेश है—लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे मधुबनी लोकसभा क्षेत्र में

चुनाव को लेकर की जारी रही तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

मधुबनी लोकसभा क्षेत्र में पांचवें चरण के तहत बीस मई को मतदान होगा। इस लोकसभा क्षेत्र में जिले के हरलाखी, बेनीपट्टी, बिस्फी और मधुबनी विधानसभा क्षेत्र के अलावा दरभंगा जिले का केवटी और जाले विधानसभा क्षेत्र भी शामिल है। मधुबनी के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि चुनाव घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन कृतसंकल्प है।

———बाईट———

पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि चुनाव को देखते हुये सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

———बाईट———

मधुबनी लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नये मतदाताओं में वोटिंग को लेकर खासा उत्साह है।

———बाईट———

इधर, राजनीतिक दलों ने भी क्षेत्र में चुनाव प्रचार अभियान तेज कर दिया है। आकाशवाणी समाचार के लिए मधुबनी से आकिल हुसैन।

————————————————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित शांभवी चौधरी को अपने पार्टी का सिंबल प्रदान किया।

————————————————————————————————

औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में उन्नीस अप्रैल को होने वाले चुनाव को लेकर प्रदेश की स्वीप आइकॉन मैथिली ठाकुर ने अपनी प्रस्तुतियों के जरिए लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया।

————————————————————————————————

सहरसा जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न प्रखंडों में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु रैली, नुक्कड़, सभा एवं घर—घर जाकर लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया।

————————————————————————————————

अरवल जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत राज्य अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आनंद शर्मा ने अरवल इनडोर स्टेडियम से मतदाता जागरूकता मोटर साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

————————————————————————————————

रमज़ान का पवित्र महीना सम्पन्न होने के बाद आज प्रदेशभर में ईद–उल–फित्र का पर्व मनाया जा रहा है। अकीदतमंद ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा कर रहे हैं। राजधानी पटना के गांधी मैदान और शाही ईदगाह गुलजार बाग में ईद की नमाज अदा की गयी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। श्री कुमार ने राज्यवासियों को ईद की बधाई और शुभकामनाएं दीं। इधर, ईद को लेकर प्रदेशभर में उत्सव का माहौल है। लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देने के साथ ही सलामती की दुआ कर रहे हैं। ईद के मौके पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संदेश में कहा है कि यह त्योहार प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में प्रार्थना की है कि यह अवसर करुणा, एकजुटता और शांति की भावना में और बढ़ोतरी करे। वहीं, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत अन्य गणमान्य लोगों ने ईद की बधाई दी है। राज्यपाल श्री आर्लेकर और मुख्यमंत्री श्री कुमा ने इस पर्व को शांति, सौहार्द और उल्लास के साथ मनाने की अपील की है।

इधर, ईद को लेकर प्रदेश में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। सभी जिलों में जिला पुलिस को अलर्ट रहने के निर्देश हैं। पटना, नालंदा, गया, नवादा और भागलपुर समेत एक दर्जन से अधिक जिलों में अतिरिक्त पुलिस बलाों की तैनाती की गयी है। इसके अलावा संवदेनशील स्थानों पर केन्द्रीय बलों को प्रतिनियुक्त किया गया है।

———————————————————

चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन आज माँ दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि माँ के इस स्वरूप की पूजा करने से समस्त पाप और बाधाएं दूर होती हैं तथा सौम्यता और निर्भयता में वृद्धि होती है।

———————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष रवि मनुभाई परमार ने कहा है कि तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती के तहत पुर्नपरीक्षा पांच जून के बाद कराई जायेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की वजह से चुनाव प्रक्रिया के दौरान परीक्षा आयोजित होना संभव नहीं है। हालांकि परीक्षा की तैयारी प्रारंभ कर दी गयी है। गौरतलब है कि पंद्रह मार्च

को तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होने के कारण यह परीक्षा रद्द कर दी गयी थी।

———————————————————————

मौसम विभाग ने आज कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गया, नवादा, जमुई और बांका जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की सम्भावना जतायी है। विभाग के अनुसार इस दौरान वज्रपात की भी आशंका है। साथ ही हवा की गति तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटा रह सकती है। राज्य के शेष हिस्सों में मौसम प्रायः शुष्क बना रहेगा। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले पांच दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि हो सकती है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान चालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ शेखपुरा और सीवान का जीरादेई राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को विभिन्न भंडारण संस्थाओं द्वारा दालों के साप्ताहिक भंडारण और उनके घोषित भंडार को सत्यापित करने के निर्देश दिये है। उपभोक्ता मामले के मंत्रालय ने भंडार के प्रकटीकरण पोर्टल पर गलत जानकारी देने वाली भंडारण संस्थाओं पर सख्त कार्रवाई करने को भी कहा है। मंत्रालय ने अरहर, उड़द, चना, मसूर और मूंग के अलावा राज्यों को आयातित पीली मटर के भंडार की स्थिति की निगरानी करने के भी निर्देश दिये।

———————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह– खान और भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि नदियों में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए सभी जिलों में सघन अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक में वाटर मार्क पेपर पर चालान जारी करने का निर्देश दिया।

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को अपनी प्रमुख सुर्खी बनाया है।

**हिन्दुस्तान** ने गया के गुरारू में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान को तरजीह देते हुए लिखा है– तीसरी बार सरकार बनी तो वामपंथी उग्रवाद का सफाया।

**प्रभात खबर** ने राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के बयान का शीर्षक लगाया है– पांच लाख रोजगार दिया, यह केन्द्र में भी नहीं हुआ।

**दैनिक जागरण** ने बीपीएससी के हवाले से लिखा है– पांच जून के बाद होगी तीसरे चरण की रद्द हुयी शिक्षक नियुक्ति परीक्षा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – भारत अब वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी लागत से विश्वस्तरीय सामान बनाने के लिए सबसे उपयुक्त है।

02. लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए अधिसूचना कल जारी होगी। प्रदेश में इस चरण के तहत झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया निर्वाचन क्षेत्रों में सात मई को होगा मतदान।

03. देशभर में ईद–उल–फित्र का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

04. और, मौसम विभाग ने आज कैमूर, गया, नवादा, जमुई और बांका समेत दक्षिण बिहार के कुछ स्थानों पर बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।